लोक सेवा आयोग
मध्यप्रदेश

क्रमांक 712 / 18 / 2015 / स्था.

इन्दौर, दिनांक 12 MAY 2016

:: सूचना ::

आयोग द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय में रिक्त सहायक वर्ग–03 तथा स्टेनो टायपिस्ट के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 03 / स्थापना / 2015, दिनांक 30.12.2015 द्वारा उक्त पदों हेतु एक ही विज्ञापन जारी किया गया था । जिसमें अनेक अभ्यर्थियों द्वारा सहायक वर्ग–3 तथा स्टेनो टायपिस्ट दोनों पदों के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत किये गये थे ।

2/ पृथक–पृथक आवेदन के कारण ऐसे अभ्यर्थियों को दो रोल नम्बर आबंटित हुए है । ऐसे अभ्यर्थियों की समस्या है कि वे किस रोल नम्बर से परीक्षा में बैठे तथा यदि वे किसी एक पद हेतु आबंटित रोल नम्बर से परीक्षा देते है तो दूसरे पद हेतु उनके आवेदन का क्या होगा ?

3/ यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थी चाहे किसी पद हेतु आबंटित रोल नम्बर से परीक्षा दें उन्हें दोनों पदों हेतु परीक्षा के मेरिट क्रम में विचारित किया जाएगा । उपरोक्त संबंध में उन्हे मोबाईल नम्बर पर भी एस.एम.एस. द्वारा जानकारी प्रेषित की जा रही है ।

4/ ऑनलाईन परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय ऐसे अभ्यर्थियों को चाहे वे किसी भी पद के लिए आबंटित रोल नम्बर से परीक्षा में सम्मिलित हुए हो दोनों पदों के मेरिट में शामिल किया जाकर परिणाम तैयार किया जाएगा ।

12.5.16

अवर सचिव